हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बंदर की...



05 विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों की समस्याओं...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2950 | 2950 |
| गेहूं 1544 | 2240 | 3289 |
| चना | 4600 | 5500 |
| मसूर | 4500 | 5921 |
| सोयाबीन | 3700 | 4750 |
| सरसों | 4950 | 6000 |
| धान | 2200 | 4216 |
| उड़द | 5340 | 5600 |
| धनिया | 5800 | 5800 |

धान की आवक 7955 बोरों की रही एवं गेंहू-1544 की आवक डेढ़ हजार बोरों की रही।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची को लेकर पत्रकार वार्ता 6 को

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव के द्वारा 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत पत्रकारवार्ता की जाएगी। पत्रकारवार्ता कलेक्ट्रेट के सभागार में 11:30 बजे से होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन के संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराया जाएगा। जिला मुख्यालय के सभी मीडियाकर्मियों से उक्त पत्रकारवार्ता में शामिल होने का आग्रह किया है।

### चुनाव जप्ती प्रबंधन पर प्रशिक्षण आज

**विदिशा।** चुनाव जप्ती प्रबंधन प्रणाली ईएसएमएस के संबंध में एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण निर्वाचन आयोग के द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने प्रशिक्षण में संबंधितों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने बताया कि कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आज गुरुवार को बेव लिंक के माध्यम से दोपहर दो बजे से शुरू होगा। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक, वन मण्डलाधिकारी सहित 19 विभागों के अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थित होने की सूचनाएं जारी की गईं हैं।

### जलवायु परिवर्तन पर टास्क फोर्स बैठक कल

**विदिशा।** जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर प्रभाव का निवारण करने हेतु स्वास्थ्य मिशन के द्वारा चिन्हांकित बिन्दुओं के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला टॉस्क फोर्स तथा अंर्तविभागीय बैठक का आयोजन शनिवार 6 जनवरी को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में दोपहर 1 बजे से होगी। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में विभिन्न विभागो के माध्यम से जलवायु से होने वाली मानव स्वास्थ्य पर चर्चा कर निर्णय लेकर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा।

### मतदाता सूची का कल होगा प्रारंभिक प्रकाशन

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने आयोग के द्वारा जारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इसी दिन से दावे एवं आपत्तियां प्राप्ति का कार्य शुरू होगा। जिसकी अंतिम तिथि सोमवार 22 जनवरी तय की गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनवरी माह की 13 एवं 20 तारीख को विशेष अभियान के तहत केम्पो का आयोजन कर मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का कार्य किया जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी को व अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को होगा।

### ठग ने पुरातत्व विभाग में 8 लोगों से फर्जी तरीके से ड्यूटी भी करवाई

# पुरातत्व विभाग में ठगी, 10 लाख लेकर थमाए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर

**भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के बड़ोह पठारी के मान्यमेंट के संरक्षणों के लिए नौकरी दिलाने के नाम पर विभाग के कर्मचारी एमटीएस संजय रजक ने इस ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ितों ने बताया कि कर्मचारी ने उन्हे झांसा देते हुए फर्जी तरीके से नौकरी भी करवाई। हाजिरी रजिस्टर पर हस्ताक्षर भी करवाये लेकिन गुप्त तरीके से। फर्जी ज्वाइनिंग तक दी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा जिले में पुरातत्व विभाग के अंतर्गत बड़ोह पठारी उपमंडल में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 10 लाख रुपये ठग लिए हैं। ठगी के बाद विभाग का कर्मचारी फर्जी तरीके से नौकरी भी करवाता रहा। ठगी के इस कारनामें को विभाग में एमटीएस के पद पर पदस्थ संजय रजक ने अंजाम दिया है। पठारी पुलिस थाने में आवेदन देने के बाद ठगी के शिकार हुए युवकों ने एसपी को भी आवेदन दिया है। एसपी कार्यालय पहुंचे इन बेरोजगारों ने मीडिया को बताया कि संजय रजक ने उन्हे वाट्सअप पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर तक दिए। ज्वाइनिंग लेटर के साथ फर्जी तरीके से बनाए हुए विभागीय पत्र भी बेरोजगारों को देकर झांसा देता रहा। ठगी के शिकार हुए पठारी निवासी शादिक का कहना है कि प्लाट बेचकर 50 हजार रुपये दिए और 10 रुपये सैकड़ा के ब्याज पर 28 हजार रुपये लेकर दिये। संजय रजक ने 50 दिन ड्यूटी भी करवाई। कहने लगा कि अभी गुप्त में करो 2 जनवरी से खुलकर नौकरी करवायंगे। संजय रजक अब फोन नहीं उठा रहे हैं। शादिक खान ने बताया कि संजय रजक ने 8 लोगों के साथ ठगी की है। इनमें मोहम्मदगढ़ के इमरान से 33 हजार लिए। रमेश रैकवार बड़ोह से 50 हजार लिए। पठारी के शमीम खान ने झांसे में आकर अपनी पूरी बकरियां बेचकर डेढ़ लाख रुपये दे दिये। हासमपुर के रंजीत लोधी ने ब्याज पर लेकर 1 लाख रुपये दिये। पठारी के ही आशिक कुरैशी ने रकम गिरवी रखकर 30 हजार रुपये दिये हैं। पुलिस को बताया है कि नौकरी के लालच में किसी ने कर्ज लेकर संजय रजक को रुपये दिए हैं तो किसी ने अपने परिवार के गहने गिरवी रखकर रुपये दिये हैं। बेरोजगार युवक विभाग के कर्मचारी के झांसे में आए। नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने रुपये वापस मांगे। इस पर कर्मचारी ने किसी को न बताने की शर्त रखी और ज्वाइनिंग का आश्वासन देता रहा। इस संबंध में पठारी थाना प्रभारी बबीता सिंह का कहना है कि ये मामला पुलिस की जानकारी में आया है। आवेदन की जांच कराई जा रही है।



**विदिशा।** ठगी के शिकार हुए पठारी क्षेत्र के युवक एसपी कार्यालय पहुंचे।

### दो भाईयों से 3 लाख रुपए ठगे और 3 माह तक ड्यूटी भी करवाई

ठगी के शिकार हुए बेरोजगार युवकों में शामिल शादिक ने बताया कि संजय रजक ने पठारी निवासी सतीश दीक्षित को नौकरी का झांसा देकर ढाई लाख रुपये ठगे हैं। इनके ही भाई सुदेश दीक्षित को भी नौकरी का झांसा देकर 50 हजार रुपये ठगे हैं। इनके पास जमीन है तो उन्होने किसी तरह कर्ज लेकर यह 3 लाख रुपये दिये हैं। पीड़ितों ने बताया कि ज्यादातर ने परिवार के जेवर बेचकर या ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेकर यह रुपये जुटाकर दिये हैं जो अब वह नहीं लोटा रहा है।

## अब ताकतवर कौन? लोगों के मन में कौंध रहा है प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेश में भाजपा की सरकार तो है लेकिन जिले में ताकतवर कौन होगा यह प्रश्न भाजपा कार्यकर्ताओं से लेकर जिलेभर के बुद्धीजीवियों के मन में कौंध रहा है।

प्रदेश की भाजपा शासित मोहन यादव सरकार में विदिशा से ताकतवर कौन रहेगा यह संकेत अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। अभी तक तो मुकेश टंडन सबसे ताकतवर नेता के रूप में जाने जाते रहे हैं। अब टंडन भी विधायक बन गये हैं लेकिन जिले से एक भी मंत्री नहीं होने से यह सवाल बार-बार उठ रहा है। राजनीति के विशेषज्ञों के मानी जाए तो जिले में भाजपा विधायक मुकेश टंडन ही ताकतवर नेता के रूप में स्थापित रहेंगे। वहीं संगठन में जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन श्यामसुंदर शर्मा का नाम सर्वमान्य रहेगा। हालांकि जिले की पांचों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। इसलिए माना जा रहा है कि अब विधायक ही सत्ता के केंद्र में रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष की भूमिका अब महत्वपूर्ण बन सकती है

**सांसद से मिलेगी नई पहचान**

विदिशा जिले का नेतृत्व दो सांसदों के हाथों में रहता है। जिले की 3 विधानसभाओं की कमान सागर सांसद के हाथ में और विदिशा और गंजबासौदा की कमान विदिशा सांसद के पास रहती है। फिलहाल तो रमाकांत भार्गव ताकतवर नेता हैं। लेकिन इस बार का टिकिट अगला सीन तय करेंगे।

### राघवजी और लक्ष्मीकांत शर्मा भी ताकतवर नेता के रूप में लंबे समय तक स्थापित रहे

विदिशा जिले में पूर्व वित्तमंत्री रहे राघवजी अपने संसदीय कार्यकाल से लेकर प्रदेश में लगातार दूसरी बार वित्तमंत्री के पद पर रहने तक ताकतवर नेता के रूप में स्थापित रहे। टिकिट वितरण से लेकर संगठन में पदों के बटवारे में तक राघवजी का दबदबा लंबे समय तक कायम रहा। इसी तरह सिरोंज से लगातार 4 बार विधायक रहे लक्ष्मीकांत शर्मा 2003 की सरकार में मंत्री बनते ही जिले में सत्ता के एक केंद्र के रूप में स्थापित हुए थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक रहने के दौरान सूर्यप्रकाश मीणा भाजपा जिलाध्यक्ष रहे और मंत्रीमंडल विस्तार में मंत्री बनने के बाद मजबूत नेता के रूप में रहे। लेकिन इन सभी के बीच शिवराज सिंह चौहान के पहली बार सांसद बनने से लेकर मुख्यमंत्री कार्यकाल तक हमेशा मजबूत नेता के रूप में पहचान बनाने में मुकेश टंडन सफल रहे। विशेषज्ञों में चर्चा है अब तो वे विधायक भी हैं।

## मनोरम झरना



**विदिशा।** प्राचीन समृद्ध भारत की प्रतीक मानी जाने वाली कालीदास की महान कृति मेघदूत में पुरातन नगरी भेलसा के इन तटों के किनारों का ही वर्णन है। विदिशा के बैसनगर के निकट उदयगिरी से सटकर बहने वाली बैस नदी में हलाली की नहरों का पानी आने पर झरने का यह दृश्य देखते ही बन रहा है।

## प्रत्येक मतदान केंद्र पर 18 से 19 वर्ष के पचास नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने जिले में क्रियान्वित फोटो निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र के बीएलओ को क्रमशः 50-50 के मान से मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभाओं के कुल 1338 मतदान केन्द्रों पर 50 के मान से कुल 66 हजार 900 मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का लक्ष्य तय किया गया है। आयोग द्वारा विशेष केम्पो का आयोजन जनवरी माह की 13 एवं 20 को हरेक मतदान केन्द्र पर आयोजित किए जाएंगे।

**विधानसभावार मतदाता जोड़ने का लक्ष्य**

निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 18 से 19 वर्ष आयु के मतदाताओं के नाम जोड़ने के लक्ष्य अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के 275 मतदान केन्द्रो में 13 हजार 750 मतदाता जोड़े जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा में 261 मतदान केन्द्रों पर 13 हजार 50 मतदाता। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई के 296 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 800 मतदाता। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 सिरोंज के 254 मतदान केन्द्रों पर 12 हजार 700 मतदाता। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के 252 मतदान केन्द्रों पर 12 हजार 600 नये मतदाता जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है।

### परीक्षा से वंचित छात्रों ने किया हंगामा

## पैरामेडिकल कॉलेज में फीस जमा नहीं होने पर रोक दिया प्रवेश पत्र



**विदिशा।** पैरामेडिकल कॉलेज में हंगामा करते हुए विद्यार्थी परिषद के छात्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

डीएमएलटी डिप्लोमा के छात्र को पाठ्यक्रम की फीस जमा नहीं होने के चलते प्रबंधन ने फायनल परीक्षा से वंचित करा दिया। यह जानकारी लगते ही विद्यार्थी परिषद् ने सांई पैरामेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन ने छात्र के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो विद्यार्थी परिषद कॉलेज में तालाबंदी कर दी। वहीं मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों को किसी तरह समझाकर मामले को शांत कराया।

पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र ने आरोप लगाया कि वह दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। गुरुवार को फायनल परीक्षा थी लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने परीक्षा का प्रवेशपत्र नहीं दिया। इसके चलते पहला पेपर देने से वह चूक गया है। कॉलेज प्रबंधन ने 10वी और 12वी की मार्कशीट जमा करवा रखी हैं। विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री धर्मेन्द्र दांगी के अनुसार इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत की गई है।

नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर छात्रों की समस्याओं का निराकरण करवा दिया है। अब अगले सभी पेपरों में शामिल होने के लिए प्रवेशपत्र छात्र को प्राप्त हो गया है। एटीकेटी की फीस भरकर कॉलेज प्रबंधन छात्र से परीक्षा करवाई जाएगी। नगर मंत्री प्रबल शर्मा, राज शर्मा, सुमित किरार, कुलदीप किरार सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र बड़ी संख्या में सांई पैरामेडिकल कॉलेज के मुखर्जीनगर स्थित कैंपस पहुंच गये थे।

## ग्राम नगदा में हुआ था जानलेवा हमला, पुलिस ने दोनों पक्षों पर बराबर का मामला दर्ज किया

### पीड़ित घायलों का आरोप पुलिस ने आरोपियों को बचाने बराबर का मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नटेरन थाना अंतर्गत ग्राम नगदा में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला किया था लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों पर बराबर का मामला दर्ज किया तो पीड़ित पक्ष ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

एसपी कार्यालय पहुंची गीताबाई और रिंकू यादव ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि गांव के दूसरे पक्ष ने योजनाबद्ध तरीके से अलाव ताप रहे लोगों पर धारदार हथियारों से लेस होकर हमला किया था। एसपी कार्यालय पहुंचे नगदा गांव के पीड़ित पक्ष ने मीडिया से चर्चा में बताया कि इस हमले में उनके पक्ष के लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। किसी का जबड़ा बुरी कट गया है तो किसी के सिर में गंभीर घाव हैं। इसके अलावा कुछ लोगों के हाथ पैर तक तोड़ दिये गये हैं। गीताबाई ने बताया कि इस हमले में 7 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 5 भर्ती हुए हैं और इनमें से गंभीर रूप से घायल 3 को भोपाल रेफर किया गया है। लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ उभयपक्षीय मामला दर्ज कर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया है।

इस संबंध में मीडिया से चर्चा में एएसपी समीर यादव का कहना है कि दोनों पक्षों पर मामला दर्ज है। अब भविष्य में विवाद न हो इसके लिए दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।



### सहरिया ग्रामों में होगा 72 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जन मन पीव्हीटीजी मिशन के तहत विदिशा जिले में चिन्हांकित सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित कराई जानी है। इसके लिए हरेक विभाग की पृथक-पृथक कार्ययोजना तय की गई है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जन मन के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चिन्हांकित सर्वे के अनुसार जिले की सहरिया बाहुल्य ग्रामों में 72 आंगनबाड़ी केन्द्रों में भवन निर्माण कराया जाना है। इसके लिए दो हजार से तीन हजार वर्ग फीट की शासकीय भूमि का चयन किया जाना है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिले के छह अनुविभागों के राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा उपलब्ध कराए गए पत्र के परिपालन में सहरिया बाहुल्य ग्रामों में 72 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनाए जाने हैं। इसके लिए आवश्यक भूमि का चयन कर खसरा नम्बर अविलम्ब उपलब्ध कराएं, ताकि भवन निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा -

# पीएम मोदी का सकंल्प... गरीबों तक पहुंचे लाभ

### संकल्प यात्रा करारिया सतपाड़ा, कांकरखेड़ी में पहुंचे विधायक टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को विदिशा जनपद के ग्राम करारिया सतपाड़ा एवं ग्राम पंचायत कांकरखेड़ी पहुंची। संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग , आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजन में मुख्य अतिथियों ने लाभार्थियों को हित लाभ का वितरण किया। मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितैशी योजनाओं की जानकारी दी। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा है। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं। इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान विदिशा जनपद के अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, धनराज दांगी, भूपेंद्र यादव, रामविलास ठाकुर, योगेंद्र पवार, राकेश दांगी, त्रिलोक कुशवाह, तुलसीराम लोधी, कमल सिंह रघुवंशी, नथनसिंह ठाकुर, द्वारका प्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारी भी पहुंच रहे हैं। इस दौरान गांव के लोगों की शिकायतों का निराकरण भी तत्काल किया जा रहा है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के सख्त निर्देश हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी यात्रा में शामिल रहे। जिससे योजनाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण गांव में ही किया जा सके।




**विदिशा।** ग्राम पंचायत कांकरखेड़ी में हितग्राही को प्रमाणपत्र देते हुए विधायक

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बंदर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुरुवार को नगर के वार्ड नंबर 2 नानाजी वाली गली में अचानक से हाईटेंशन लाइन का तार से बंदर टकरा गया। जिससे बंदर की मौत हो गई, जबकि तार टूटकर जमीन पर आ गिरा। संयोग से घटना के समय कोई व्यक्ति तार की चपेट में नहीं आया, नहीं तो कोई गंभीर दुर्घटना भी हो सकती थी।

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन हटवाने के लिए प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि इस लाइन से कई जानलेवा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे विद्युत अधिकारियों ने आश्वासन देकर नागरिकों का आक्रोश शांत कराया। इसके बाद सूचना पाकर वन विभाग अमला वाहन के साथ मौके पर पहुंचा और बंदर के शव को जब्त कर त्योंदा रोड स्थित वन डिपो कार्यालय ले गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।



# पुलिस ने पकड़े नौ जुआरी, साढ़े तीन लाख का मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम खरपरी में नदी के किनारे जुआ की फड़ पर छापा मारा। जिसमें नौ जुआरियों को पकड़कर उनके पास से साढ़े नौ हजार रूपए, छह बाइक और मोबाइल जब्त किए हैं। इस तरह पुलिस ने कुल साढ़े तीन लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है।

ज्ञात हो कि एसपी दीपक शुक्ला एवं एएसपी समीर यादव के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ मुहिम चल रही है। इसी के तहत मुखबिर की सूचना पर एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में देहात टीआई हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खरपरी में कार्रवाई की। जिसमें पुलिस ने केवटन नदी के किनारे जुआ खेल रहे राकेश रघुवंशी, लोकेश दांगी, प्रकाश लोधी, देवेन्द्र रघुवंशी, अमित शर्मा, कमल सिंह यादव, जवाहर सिंह, शानू राइन, अरमान खान को पकडा। जबकि इनके कुछ साथी फरार हो गए। पुलिस ने इनके पास से 9 हजार 600 रूपए नगद, छह बाइक, 9 मोबाइल सहित कुल साढे तीन लाख रूपए का माल बरामद किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में देहात थाने के शिवप्रसाद विश्वकर्मा, शिशुपाल दांगी, सचिन जाट, अमन दीप जाट, भूपेन्द्र, सौरभ, रामनिवास आदि का विशेष योगदान रहा।



उल्लेखनीय है कि ग्राम खरपरी में पिछले कई दिनों से बडे स्तर का जुआ चल रहा था। जिसमें जुआ खिलाने वाले लोग बाहर से जुआरियों को लेकर आते थे और गांव में सुरक्षित स्थान पर जुआ खिलाते थे। पुलिस कई दिनों से इस जुए को पकडने की कोशिश में थी और आज उसे सफलता मिल गई। लेकिन इस कार्रवाई के दौरान करीब आधा दर्जन से अधिक जुआरी सूखी नदी पार कर अन्य गांवों में से होकर भाग निकले। वहीं जुआ का संचालन करने वाले भी पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही भाग निकले। जिससे पुलिस को सिर्फ साढ़े नौ हजार रूपए ही जब्त हो सके।

## अनुशासन के बिना जीवन पूर्ण नहीं: शाह

**गंजबासौदा।** सैंट एसआरएस स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समाज सेवी कांतिभाई शाह, ओपी चौरसिया, डायरेक्टर केएस यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव के आतिथ्य में समापन हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी कांति भाई शाह ने कहा कि जीवन की पूर्णता बिना संस्कारों और अनुशासन के नहीं होती है। इस समय समृद्धि बढ़ी है, लेकिन संस्कारों में कमी आई है। संस्थाओंऔर स्कूलों का दायित्व है कि हर पीढ़ी में अनुशासन और संस्कारों का विकास करें। डायरेक्टर केएस यादव ने विषम परिस्थितियों में भी बच्चों के बहुआयामी व्यक्तित्व विकास के लिए प्राणपण से कार्य किया है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए

# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : .................... एजेंसी का नाम : .................................... दिनांक ....................

### ग्राहक प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : .................... एजेंसी का नाम : .................................... दिनांक ....................

दिल्ली के हस्तिनापुर में आयोजित किया गया था कार्यक्रम, समाज में हर्ष का माहौल

# जैन समाज के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सिरोंज के एक बेटे, दो बेटियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज के तीन प्रतिभाशाली युवाओं का दिल्ली के हस्तिनापुर में सम्मान किया गया। संत षिरोमणी आचार्य गुरूवर श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक षिष्य समाधिस्थ पूज्य मुनि श्री क्षमा सागर समारोह के प्रेरक अनुभुति में दिल्ली के पास आयोजित हुए इस सम्मान समारोह में सिरोंज के एक बेटे व दो बेटियों का सम्मान किया गया। जिसमें जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,श्रीमति संगीता जैन के पुत्र संस्कार जैन का सम्मान किया।

संस्कार जैन ने कक्षा 12वी एंव 12वी में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थें। वर्तमान में वह इंदौर में नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहें है। उक्त परिवार आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज,मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के परम भक्तों में आता है। वही जैन समाज के मंत्री सवाई सिंघल परिवार से जितेन्द्र जैन व रानी जैन की सुपुत्री रितिका जैन को भी कक्षा 12वी एंव 12वी में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उनका भी सम्मान किया गया। वर्तमान में रितिका जैन राजस्थान के कोटा में आईआईटी की परीक्षा की तैयारी







कर रही है। उक्त परिवार भी सदैव धार्मिक व समाजिक कार्यो के साथ मुनि श्री सुधा सागर जी के परम अनुआई है। साथ ही यह हमेषा समाज के हितों को लेकर मुनि श्री सुधा सागर महाराज का आर्षीवाद लेने पहुचतें है। इसी तरह मनीष जैन व सारिका जैन की पुत्री दीक्षा जैन ने भी कक्षा 12वी एंव 12वी में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उनका भी सम्मान किया गया। मनीष जैन की पुत्री भी कोटा राजस्थान में आईआईटी परीक्षा की तैयारी कर रही है। मनीष जैन सामाजिक कार्यो में सदैव आग्रर्णी होने के साथ थोक टेलीकॉम व्यपारी भी है।

उल्लेखनीय है कि उक्त सम्मान समारोह आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के आर्षीवाद से लगभग 10 वर्षो से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जहा मुनि श्री विराजमान होते उन क्षेत्रो में जैन समाज की प्रतिभाओं जैसे कि आईएएस, आईटीएस, इंजिनियर व प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के अलावा देश में शासकीय सेवा में उच्च पदो पर कार्य करने वाले युवा व युवतियों का सम्मान किया जाता है। इस कार्यक्रम देश के प्रत्येक राज्य से प्रतिभाशाली युवाओं को आंमत्रित किया जाता है।

पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जफर खान ने

## मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जफर खान ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से भोपाल में भेंट की।

वही उन्होने एक मांग पत्र सौपतें हुए कहा कि विदिशा जिले की पांचो विधानसभा में हुए चुनाव की समीक्षा जल्द कराई जाना चाहिए एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जमीन से जुड़े निष्ठावानकार्यकर्ताओं को पद देने का अनुरोध किया। ईमानदार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को संगठन में काम करने का मौका मिलना चाहिए। साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 से पहले तहसील स्तर एंव जिला स्तर पर कांग्रेस के समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधित प्रशिक्षण देने एवं जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने की मांग की गई।

6 को अभिभाषक संघ के चुनाव

## अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए होगा मतदान अन्य पद हुए निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अभिभाषक संघ सिरोंज के वार्षिक चुनाव के लिए 6 जनवरी को मतदान होगा। अभिभाषक संघ सिरोंज के चुनाव सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिभाषक संघ सिरोंज के इस चुनाव में अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष पद हेतु मतदान 6 जनवरी को होगा। वही बाकी अन्य पदो पर सचिव पियूष चौरसिया,सहसचिव अख्तर खान एंव कोषाध्यक्ष रितेष अग्रवाल ने अपना नामांकन फार्म जमा किए थें उनके विरोध में किसी भी अभिभाषक ने फॉर्म नही भरा। वही अब अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी एंव मोहम्मद शोएब खान के बीच अध्यक्ष पद एंव उपाध्यक्ष पद के लिए राजू साहू एंव राजू श्रीवास्तव के बीच मतदान होना है। उक्त मतदान प्रातः से 3 बजे तक होगा। वही यह चुनाव वैलिड पेपर से सम्पन्न कराए जाएगें।

विधायक उमाकांत शर्मा ने किया जनसंपर्क

## राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपावली जैसा उत्सव मनाना हैः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणेश बस्ती के संपूर्ण सहयोगी सदस्यों के साथ क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने वार्ड क्रमांक 17 राणापुर मोहल्ला में पहुकचर श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में समस्त कारसेवकों, आध्यात्मिक, धार्मिक, संत, महात्माओं, महापुरुषों की उपस्थिति में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पीले चावल सहित रामभक्तों, माता-बहनों को आमंत्रण निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि हम सबको माघ शुक्ल द्वादशी सोमवार को घर-घर, मोहल्ले, गांव, वार्ड, शहर, नगर-नगर, डगर-डगर में भगवान श्री राम जी की पूजन अर्चना एवं उनके प्राण प्रतिष्ठा होने के अवसर पर द्वीप प्रज्वलित करके दीपावली जैसा भव्य उत्सव मनाना है ऐसा सभी से आग्रह किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणेश बस्ती प्रमुख मिथुन कुषवाह सहित सहयोगी सदस्य मौजूद रहें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम बेरखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी अरविंद रघुवंशी अंकित साहू,वीरेंद्र रघुवंशी सहित ग्राम पंचायत के सरपंच,जनपद सदस्य मौजूद रहे।

वहीं कार्यक्रम में ऐसा वर्ग जो केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नहीं हो पाया था उनको लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है एवं जिनको योजनाओं की जानकारी नहीं थी उनको योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं कार्यक्रम में कई विभागों के काउंटर लगाए गए हैं जो लोगों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर संबधित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे हैं अधिकांश ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में रोड एवं नाली एवं बिजली की समस्या से मौके पर मौजूद अधिकारियों को अवगत कराया जिसको जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिए गए





वही कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा कई बच्चों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत क्विज कंपटीशन में अब्बल आए लोगों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान शिवजी रघुवंशी,रामबाबू सेन ग्राम पंचायत सचिव आशिक रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**कुरवाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत के ग्राम पंचायत बासौदा एवं ग्राम पंचायत मलियाखेड़ा में प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी विकास समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, पंचायत के सरपंच, जनपद के कर्मचारी एवं ग्रामीण जन सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं सम्मिलित हुए।

### यादव बने पंचायत सचिव संगठन के संभागीय अध्यक्ष



**शमशाबाद।** मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन में ग्राम पंचायत बरोदिया के सचिव शैतान सिंह यादव को संभाग का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह रघुवंशी एवं संभाग अध्यक्ष गिरजेश शर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने किया है। शैतान सिंह यादव के कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने बधाई दी है।

### मोहम्मदगढ़ में एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ में जुआ खेलते 13 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। इनके पास से 6 हजार 170 रुपए बरामद किए हैं। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा के निर्देशन पर टीम गठित कर मुख्य भूमिका एसआई रघुवीर सिंह राय, एसआई घनश्याम शास्त्रा एवं समस्त थाना स्टाफ की भूमिका रही।

## विकसित भारत यात्रा का बरवाई ग्राम पंचायत में किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

उप तहसील के अंतर्गत लगातार 19 दिनों से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को ग्राम पंचायत बरवाई में कार्यक्रम के बाद समापन हुआ। लगातार जनपद ग्यारसपुर की 71 ग्राम पंचायतों में यात्रा पहुंची। जिसमें ग्रामीणों को केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। शासन की योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों के आवेदन इस यात्रा में लिए गए । यात्रा में क्षेत्रीय विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका रही। आज अंतिम दिन विकास यात्रा पिपरिया पाराशर एवं बरवाई ग्राम पंचायत में पहुंची।

जहां पर मंडल अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। 22 जनवरी को घर-घर में दीपावली मनाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा है कि 500 सालों के पश्चात ऐसी शुभ घड़ी आ रही है। जहां पर भगवान राम हम सबके आराध्या भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं ,राण प्रतिष्ठा की जा रही है। हम सबको उत्सव की तरह मानना है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकरदयाल शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, स्थानीय सरपंच द्रोपती बाई बंसल, देवकीबाई हुकम सिंह किरार, सरपंच सुखेंद्र सिंह किरार, जनपद सदस्य कमल सिंह प्रजापति, मोकम सिंह कुशवाह, बैनी कुशवाह, प्रहलाद लोधी, नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन, थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा, सचिव बलराम कुशवाह, भाव सिंह दांगी, दातार सिंह लोधी, महाराज सिंह धाकड़, अवध नारायण मीणा, रवि रघुवंशी आदि मौजूद रहे ।

संसद भवन में आज होनी है कार्यशाला

## दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शामिल होने नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा रवाना

**विदिशा।** राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार द्वारा दिल्ली में संसद भवन में आज 5 जनवरी को आयोजित सी इज ए चेंज मेकर विषय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल होने के लिए विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भोपाल एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं।





इस कार्यक्रम में प्रदेश के चुने हुए निकाय अध्यक्षों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मतोदी संबोधित करेंगे। इस कार्यशाला में शामिल होने के लिए देश की सिर्फ 16 निकायों के अध्यक्षों का चयन किया गया है। वहीं प्रदेश से सिर्फ चार निकायों के अध्यक्ष का चुना गया है। जिसमें विदिशा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भी शामिल हैं।

### फरार अज्ञात आरोपियों की सूचना देने पर नकद ईनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने विभिन्न थानों में दर्ज अपराधों के फरार अज्ञात आरोपियों की सूचना देने पर नगद ईनाम राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने छह प्रकरणों में फरार आरोपीगणो की सूचना देने पर हरेक प्रकरण में क्रमशः 2-2 हजार रुपए की नगद राशि ईनाम में देने की घोषणा की है। शमशाबाद थाना में के आरोपी कुंवरलाल यादव निवासी ग्राम थाना वीरान थाना लटेरी। गंजबासौदा देहात थाना के आरोपी मेहतो उर्फ मेहताब पुत्र नाथुलाल सांसी और कल्ला उर्फ यशवंत उर्फ जसवंत पुत्र भारत सिंह सांसी निवासीगण ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जिला राजगढ़। नटेरन थाना में दर्ज अपराध के अजहरुद्दीन पुत्र वहीद खां मुसलमान उम्र 28 साल निवासी भौरासा थाना बैरसिया, सिरोंज थाने में दर्ज तीन अपराधों के अज्ञात आरोपी की सूचना देने पर उल्लेखित ईनाम घोषित किया है।

### लेखांकन पेशा मनुष्य की जीवन शैली है : नायक

**सागर।** वाणिज्य विभाग डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में बी.कॉम एम.कॉम के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए लेखांकन पेशे के अंतर्गत करियर संभावनाओं पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उस सेमिनार के मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के 1994 –97 छात्र रहे रामजी नायक रहे। चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रैक्टिशनर रामजी नायक आज अपने धर्मपत्नी सुश्री मानसी नायक के साथ पधारकर छात्रों को महत्वपूर्ण ज्ञान बिंदु प्रदान किए। रामजी नायक ने बताया कि जीएसटी की कर दरों की अतिरिक्त बुलियन एवं गहनों पर 3% का जीएसटी निर्धारित किया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डाटाबेस उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु विदिशा जिले में स्थापित केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के समस्त कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का डाटाबेस संधारण करने का कार्य एनआईसी के माध्यम से किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने पूर्व उल्लेखित कार्यालय प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों से संबंधित डाटा जानकारी 16 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों का डाटा कलेक्ट्रेट में संचालित एनआईसी को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है। एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार ने बताया कि विदिशा जिले में संचालित सभी केन्द्र, राज्य शासन के सभी कार्यालय विभागों के जिलाधिकारियों को डाटाबेस भेजने हेतु पासवर्ड आईडी उपलब्ध कराई गई है। ततसंबंध में किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो एनआईसी कार्यालय में कार्यालयीन दिवसो अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को होगा आयोजित

**विदिश।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। विदिशा जिला मुख्यालय पर उक्त कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आरंभ होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकार उमाशंकर भार्गव ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम प्रत्येक मतदान केन्द्र में आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मतदाता सूची में शामिल नए मतदाताओं को इपिककार्ड का वितरण किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में निर्वाचन कार्य तथा मतदाता सूची के संशोधन एवं परिवर्धन कार्य में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस में संबंध में शिक्षण संस्थाओं में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु ताकीद किया है। शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य जिला निर्वाचन कार्यालय से समन्वय बनाकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएं।

नगर-निगम सभाकक्ष में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित की गई

# पशु बाजार को रतौना शिफ्ट करने और आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने सहित लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुषील तिवारी एवं समस्त एम.आई.सी.सदस्यों की उपस्थिति में आहूत की गई, जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये।

राहतगढ़ बसस्टेण्ड के पास लगने वाले पशु बाजार को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में जगह चिन्हित कर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ करने तथा कबूलापुल से भगवानगंज चौराहा तक मार्ग का नाम वीर गुरू गोविंदसिंह जी के नाम से नामकरण करने हेतु अनुशंसा सहित विषय को स्वीकृति हेतु परिषद में भेजने का निर्णय लिया गया।



म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र भोपाल दिनांक 13.12.2023 द्वारा खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करने पर तथा मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में प्राप्त हुआ। वर्तमान में तिलकगंज वार्ड में एक मीट मार्केट है, निगम सीमा में मौजूद दुकानदारों से लायसेंस हेतु 225 आवेदन प्राप्त हुये है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मधुकरशाह वार्ड क्रिष्चिन कालोनी के पास, संतकबीर वार्ड में, संजय ड्राइव के आसपास काकागंज वार्ड, भगतसिंह वार्ड ओबरब्रिज के आसपास नवीन मीट मार्केट निर्माण हेतु स्थान प्रस्तावित किये गये है। महापौर परिषद द्वारा चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बाघराज वार्ड स्थित राजघाट चौराहे का नामकरण ''भगवान लव-कुश जी '' के नाम से नामकरण एवं कबीर धाम के सामने कबीर स्तम्भ का निर्माण एवं नामकरण के संबंध में चर्चा उपरांत अनुशंसा सहित विषय को परिषद में भेजने का निर्णय लिया गया।बैठक में विनोद तिवारी, अनूप उर्मिल, धर्मेन्द्र खटीक, रूपेश यादव, रेखा नरेश यादव, सुश्री मेघा दुबे, राजकुमार पटैल, कंचन सोमेश जड़िया, आशारानी नंदन जैन, संगीता शैलेश जैन, उपायुक्त एस.एस.बघेल, सहायक आयुक्त राजेशसिंह, आनंदमंगल गुरू, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे आदि मौजूद थे।

विधायक डॉ. शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में कहा जो कांग्रेस नेता श्रीराम को काल्पनिक बताते-

# हमनें उन सोनिया गांधी और खरगे जी को भी अयोध्या आने का न्यौता दे दिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को दो कार्यक्रम आयोजित हुए। पहला कार्यक्रम मुस्कान संस्था में आयोजित हुआ। यहां सबसे अनूठा कार्यक्रम यह रहा कि यहां गर्भवती महिलाओं की गोद भराई गई। इसी तरह समापन कार्यक्रम जयस्तंभ चौक पर आयोजित हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



यहां भगत सिंह नगर के बच्चों ने मेरे घर राम आएंगे गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर सभा स्थल को राममय कर दिया। तो मंच से नागरिकों को मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी अपने उदबोधन में अयोध्या और श्रीराम मंदिर निर्माण का जिक्र किया। कार्यक्रम में केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों ने अपनी जुबानी, अपनी कहानी बताई। इसी तरह विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की राशि यहां से वितरित की गई। करीब 1 करोड रुपये की लोन राशि के प्रमाण पत्र यात्रा के दौरान बांटे गए। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने यहां जयस्तंभ चौक पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इटारसी में दुकानदारों को 1990 में शाम 7 बजे बिजली बंद करने का फरमान था, क्योंकि बिजली नहीं होती थी। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई तब से विकास की बात हुई। कश्मीर से धारा 370 हमनें खत्म की। कांग्रेस बोलती थी यह कभी हट नहीं सकती। यदि हटाई तो देश में विवाद होगा। कांग्रेस श्रीराम मंदिर का भी ऐसा ही बोलती थी। कांग्रेस के मित्र भी बोलते थे राम मंदिर नहीं बन पाएगा। प्रधानमंत्री मोदीजी ने राम मंदिर बनवा दिया। अब कांग्रेस के मित्र बडे परेशान हैं, सोनिया जी, खरगे जी को निमंत्रण दे दिया। आओ रामजी के दरवार में उपस्थित होओ 22 जनवरी को। अब घबरा रहे जाएं कि नहीं जाएं। इन्होंने तो सुप्रीम कोर्ट में तो कह दिया राम काल्पनिक हैं, हैं हीं नहीं। विधायक शर्मा ने कहा कि अब मना करें तो मुश्किल, नहीं मना करें तो मुश्किल। विधायक शर्मा ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि वे राजनीति वोट की करते हैं संस्कृति की नहीं। हम संस्कृति की, देश की, विकास की, बेटे बेटियों को बढाने की बात करते हैं। विधायक डॉ शर्मा ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का नाम लिये बिना कहा कि उनकी एक नेता हैं वे कहती हैं लडकी हूं लड सकती हूं। हमनें कहा लडकी हूं पढ सकती हूं बोलिए। हमनें कहा लडने के लिए हम तो बैठे हैं, हम भाई हैं, चाचा हैं, मामा हैं। हमारी बेटी कहती है लडकी हूं पढ सकती हूं। हम एक भी अपराधी नहीं रहने देंगे। हम आपके द्वार सभी योजनाओं और कार्यालयों को लेकर आए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा मोदीजी के नेतृत्व में देश को समृद्ध और विकसित हो रहा है। श्री चौरे ने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं एक बडा सुखद अवसर पूरे देश और विश्व के लिए 22 जनवरी को प्राप्त हुआ है। माननीय मोदी जी के कारण की श्रीराम ठाठ बाठ से, पूरे वैभवता के साथ विराजित होंगे। हमें उनके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री चौरे ने कहा कि मैं आपको बताना चाहता कि कांग्रेस के नेताओं ने श्रीराम और रामसेतू को नकार दिया था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राम जी का अस्तित्व ही नहीं है। उनके नेता व कार्यकर्ता कहते थे राम तो थे ही नहीं। वे काल्पनिक है कभी हुए ही नहीं है। हमारी पार्टी और जननायक मोदी जी जिन्होंने श्रीराम जी के भव्य मंदिर की स्थापना का प्रण लिया था, 22 जनवरी को वह साकार हो रहा। यह भारतीय जनता की सरकार है जो कहती है वह करती है। यह मोदी जी की गारंटी है। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि पहले देश में कहीं भी आतंकवादी बम विस्फोट करते थे। अब ऐसा नहीं होता। हम सुरक्षित नेतृत्व के नीचे काम कर रहे हैं। आज के कार्यक्रम में दोनों स्थानों पर तहसीलदार सुनीता शाहनी, सीएमओ रितु मेहरा, महिला बाल विकास अधिकारी दिप्ती शुक्ला, भााजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, सभापति अमृता मनीष ठाकुर, पार्षद जिमी कैथवास, अमित विश्वास, कुंदन गौर, राहुल प्रधान, पुरानी इटारसी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, देवेंद्र पटेल, महिला मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष बबीता चौहान, मंडल अध्यक्ष जागृति भदौरिया, पूर्व पार्षद रेखा मालवीय, मंडल इटारसी भाजपा महामंत्री राहुल चौरे, पुरानी इटारसी महामंत्री गोविंद मेहतो, मनोज पोपली, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक निर्मल, आशीष मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

## 1 करोड़ रुपए की लोन राशि के प्रमाण पत्र बांटे

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्रीय योजना पीएम स्ट्रीट वेंडर, स्वनिधि योजना, स्व सहायता समूह, स्कूल यूनीफार्म के लिए करीब 1 करोड रुपये की लोन राशि के स्वीकृति पत्र बांटे। इसी तरह निक्षय मित्र योजना में शामिल 17 नागरिक शामिल हुए। जिसमे विधायक डॉ सीतासरन शर्मा भी सदस्य बने। आयुष्मान कार्ड 217, आभा आईडी 316, स्वास्थ्य शिविर में पंजीयन मरीज 664, टीबी के संभावित मरीज 6, ब्लड प्रेशर के 116 मरीज, डायबिटीज के 96 मरीजों की जांच हुई। इसमें स्वास्थ्य विभाग से अधीक्षक डॉ आर के चौधरी, संकल्प यात्रा नोडल सुनील साहू, चिकित्सक, आयुष्मान मित्र राहुल चौरे, चंद्रप्रकाश मलैया, नरेंद्र यादव, अजय मालवीय, अमित केवट, आरबीएसके चिकित्सक, एलएचवी, एएनएम और आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

### अनूठी पहल: 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं की गोद भराई हुई



विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहला कार्यक्रम मुस्कान संस्था में आयोजित हुआ। यहां एक अनूठी पहल की गई। वार्ड पार्षद व सभापति अमृता मनीष ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर द्वारा क्षेत्र की 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने धर्मपत्नी निधि चौरे के साथ बहनों की गोद भरी। इसी तरह सीएमओ रितु मेहरा व अन्य अतिथियों ने भी गोद भराई की परम्परा की।

# कलेक्टर ने इटारसी और केसला में धान उपार्जन केंद्रों का लिया जायजा

**किसानों को कोई असुविधा न हो, समय पर भुगतान के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कलेक्टर सोनिया मीणा ने बुधवार को इटारसी और केसला के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानो को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा समय पर किसानों को उनकी उपज का भुगतान किया जाए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव, उप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ, उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन, डीएमओ देवेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति जैन ने बताया कि जिले में निर्धारित 65 उपार्जन केंद्रों में 16471 स्लॉट बुकिंग के विरुद्ध अभी तक 11523 किसानों से 127512 मेट्रिक टन धान की खरीदी की है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना सबसे पहले ग्राम रैसलपुर स्थित गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र पहुंची। उन्होंने यहां समिति प्रबंधक और उपार्जन संबंधी अधिकारियों से किसानों की स्लॉट बुकिंग के विरुद्ध की गई खरीदी की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस का बारीकी से अवलोकन कर खरीदी उपज की स्टेगिंग भी देखी। इसके बाद उन्होंने ग्राम केसला में केसला समिति के वेयरहाउस केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी केंद्र पर ट्रैक्टर ट्राली की लंबी कतार देखकर धीमी खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधक और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन संबंधी अधिकारियों, समिति प्रबंधक एवं वेयर हाउस संचालकों को निर्देशित किया कि खरीदी केंद्र पर आवश्यक संसाधनों और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तेजी से खरीदी संपन्न कराएं। खरीदी गई उपज की व्यवस्थित स्टेगिंग करें। सुचारू रूप से परिवहन कराएं। किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी ना हो। निर्धारित स्लॉट के अनुसार तय समय सीमा में खरीदी की जाएं। केंद्रो पर वाहनों की कतारे न लगें। उन्होंने किसानों का समय पर भुगतान किए जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने केंद्र पर मौजूद किसानों से चर्चा कर धान खरीदी की जानकारी। उन्होंने जानकारी ली कि किसानों को उपज बेचने में कोई परेशानी तो नहीं आई। उन्होंने भुगतान के संबंध भी किसानों से जानकारी ली।

### लायन क्लब मैत्री ने किए कार्यक्रम

इटारसी। परमानेंट एक्टिविटी के तहत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा के अवसर पर लायंस क्लब मैत्री ने मुक्ति धाम इटारसी मे बेंच प्रदान की। साथ ही वहा पर काम करने वाले स्टाफ को ठंड से बचाव हेतु शाल प्रदान की गई। इस अवसर पर गवर्नर जेपी सिंह जोहर, लायन मनीष शाह, लायन प्रवीण वशिष्ठ, लायन अनिल झा, लायन राजेश अग्रवाल, लायन गुलाब चंद अग्रवाल, लायन शरद गुप्ता एवं फ्रेंड्स क्लब के सभी पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। साथ ही मैत्री क्लब की अध्यक्ष लायन शिल्पा अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष लायन निशा जैन, लायन हंसा कपूर भी उपस्थित थी। क्लब की अध्यक्ष क्लब द्वारा आगे भी मानव सेवा से जुड़े कार्य करने का भरोसा दिया गया। जिसके बाद साई कृष्णा रिसोर्ट एंड गार्डन मे लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स और लायंस क्लब इटारसी मैत्री की संयुक्त बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया।

# विजयपाल का नगर आगमन पर फल, पेठा से तुलादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



बीते दिनों विद्यायक ठाकुर विजयपाल सिंह जब शोभापुर नगर में पहली बार प्रवेश किया तो भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर देखी गई । भाजपाइयों ने अपने अनुसार स्वागत सत्कार किया । एम पी जीरो फाइव रेस्टोरेंट में कृष्णा ठाकुर ने विजयपाल सिंह का पुष्पहार और ढोल नगाड़ों से स्वागत किया तो वहीं पंडित ढाबा में संचालक राघवेंद्र आचार्य ने पेठा , लड्डू , गुड़पट्टी , मिठाई , फल इत्यादि से तुलादान किया । तुलादान के दौरान ठाकुर विजयपाल सिंह के साथ सविता दीवान शर्मा भी मौजूद रहीं तो वहीं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता इस दौरान तुलादान के अवसर पर विजयपाल सिंह का गर्म जोशी से स्वागत कर रहे थे । तुलादान के अवसर पर कमलेश आचार्य , नरेंद्र शर्मा , अविनेश ठाकुर , राजा राम पटेल , गुड्डा विश्वकर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे ।

# कलश के साथ दिए जा रहे हैं निमंत्रण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

राम जन्मभूमि में भव्य मंदिर में भगवान राम लाल की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 1 से 15 जनवरी तक चलने वाले अभियान का शुभारंभ हो चुका है जी अभियान के तहत विश्व हिंदू परिषद पिपरिया एवं राम भक्तों की टोलियां घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न्यौता देने निमंत्रण दिया जा रहा है।

जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भारत के सभी नागरिकों को घर-घर जाकर पूजा तक्षक पत्र चित्र बताकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं। जबकि मध्य हरिद्वार क्षेत्र में संघ कार्यालय के निर्देश अनुसार पिपरिया में भी संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा भी स्वयंसेवकों के द्वारा भी निमंत्रण दिए जा रहे हैं। अक्षत वितरण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की दिव्य अनुभूति को प्रत्येक श्रद्धालु महसूस कर सके। इसके लिए विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा विकास यात्रा में लोगों से अपील की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्रामों में



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचानें विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव गांव पहुंच रहे हैं। इस दौरान बुधवार को ग्राम पंचायत बिजनवाड़ा सरपंच माधुरी पंचम सिंह बैंकर के नेतृत्व में भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव में पहुंचा, जहां केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान खूबचंद्र रघुवंशी, ब्रजकिशोर पठारिया, प्रीतम सिंह पुर्विया, ग्राम पंचायत सचिव प्रेम नारायण सराठे, रोजगार सहायक सरिता डागौर एवं ग्राम पंचायत पटवारी कन्हैयालाल बोरासी शामिल हुए। इसी तरह से ग्राम पंचायत बनवारी में सरपंच आरती खूबचंद रघुवंशी, सचिव ओम प्रकाश साहू, रोजगार सहायक बृजेश प्रजापति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं संगठनों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल हुए तथा यात्रा का संचालन किया जा रहा है।

# पूजित अक्षत लेकर संघ और बजरंग दल के कार्यकर्ता आमंत्रण देने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद आज जब राम मंदिर निर्माण के साथ भूमि पूजन का अवसर आया है तब सकल हिंदू समाज उत्साह से लबरेज होकर घरों घर जाकर राम मंदिर अयोध्या के भूमि पूजन को लेकर सूचना देने के साथ पूजित अक्षत, चित्र व पत्रक लेकर अयोध्या में भूमि पूजन के अवसर पर पधारने का आग्रह कर रही है।

शोभापुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर हिंदू समाज के लोगो को पूजित अक्षत चित्र वा पत्रक देकर अयोध्या में पधारने का निवेदन कर रहे हैं । संघ के कार्यकर्ता अरुण पटेल ने बताया कि उन्होंने शोभापुर, तालाखेड़ी, भट्टी, निवारी सहित अनेक गांवों में करीब 200 परिवारों को अयोध्या में पहुंचने का आमंत्रण दिया है। इस दौरान उनके साथ



अवधेश भार्गव, विशाल राठौर, सुप्यार सिंह पटेल, मोहित ठाकुर वा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बजरंग दल ने खुशियां मनाने को किया प्रेरित

सोहागपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ता श्री राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान अपने नगर,गली, मोहल्लों में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाने के लिए राम भक्तों को प्रेरित कर रहे हैं। बजरंगदल के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अक्षत इत्यादि देकर अयोध्या जाने का आमंत्रण दिया तो वहीं जो नहीं जा पा रहे हैं वो अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर, सुंदर काण्ड कर, हनुमान चालीसा का पाठ कर, भजन पूजन कर, आरती उतार कर आतिशबाजी कर ढोल नगाड़े बजाकर राम मंदिर बनाए जाने की खुशी साझा करें। इस अभियान ने श्रीकांत पटेल, रवि उईके, अंकित कुमरे, चेतन बिहारे, नीलेश मीणा, शिवराम, संतोष कहार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रामायण पारायण मंडल की वार्षिक कार्य समिति बनी



**सेमरी हरचंद।** निरंतर कई वर्षों से चल रहा परायण रामायण मंडल जो प्रत्येक मंगलवार रामचरितमानस रामायण निरंतर करता चला आ रहा है। जिसमें जिसका वार्षिक उत्सव स्वरूप हवन पूजन महाप्रसादी भंडारा अगहन मास की पूर्णिमा होता है उसके बाद नवीन वार्षिक कार्य हेतु समिति बनाई जाती है। जो कि मंगलवार को राधा कृष्ण छोटे मंदिर में रात्रि पाठ के उपरांत सर्व सहमति से वार्षिक कार्य समिति स्वरूप रामायण मंडल अध्यक्ष रामेश्वर पटेल उपाध्यक्ष डालचंद कुशवाहा सड़क वाले, अंतराम साहु, वीरेंद्र (वीरू)अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा व्यास, गौरी शंकर दुबे , लेखा पाल रमा थापक, महेश विश्वकर्मा, रवि शंकर सोनी, मोहन लाल कुशवाहा, अशोक सेन और प्रवीण पटेल को मंडल समिति की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई
समिति सदस्यों ने माल्यार्पण कर पदाधिकारी को सम्मान कर शुभकामनाएं दी।

# स्पर्धा: आज से गांधी मैदान पर शुरु होंगे हॉकी के मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में हॉकी होशंगाबाद द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता का आगाज आज 4 जनवरी से होगा। इसका समापन 9 जनवरी को होगा तथा 10 जनवरी से नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता का आगाज होगा। दोनों प्रतियोगिता में देशभर से तीन दर्जन टीमें भाग ले रही हैं। मैदान की विशेषज्ञ समिति ने आज शाम तक मैदान को प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से सुसज्जित कर दिया है। डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि इंटर डिस्ट्रिक्ट का उद्घाटन कल गुरुवार 4 जनवरी को दोपहर 1 बजे से होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दौरान विशेष अतिथि एसडीएम टी प्रतीक राव और ओलंपियन विवेक सागर रहेंगे। डीएचए सचिव कन्हैया गुरयानी ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। आज समिति ने मैदान का मुआयना भी कर लिया है। कल पहले दिन इंटर डिस्ट्रिक्ट के छह मैच खेले जाएंगे। इसका विधिवत उद्घाटन दोपहर 1 बजे से होगा। इंटर डिस्ट्रिक्ट में



जबलपुर, ग्वालियर, हरदा, बालाघाट, रायसेन, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी, टीकमगढ़, रतलाम, उमरिया, सिवनी, अनूपपुर, शाजापुर, बैतूल, सागर, इंदौर, दमोह, नरसिंहपुर, देवास, गुना, मंदसौर, नीमच, भोपाल और होशंगाबाद की टीमें खेलेंगी। अभा हॉकी मैच 10 जनवरी से अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि 10 जनवरी से ऑल इंडिया के मुकाबले शुरु होंगे। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार एलकेजी ग्रुप की ओर से 71 हजार और ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए एवं ट्रॉफी शुभालय ग्रीन सिटी की ओर से दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया टूर्नामेंट में करनाल हरियाणा, एफजीआई पूना, केनरा बैंक बैंगलोर, सैफई, सीआर मुंबई, सुंदरगढ़, राउरकेला, बनारस, उत्तरप्रदेश पुलिस और एफसीआई गोरखपुर की टीमें खेलेंगी।

**आने वाले समय में सड़कों के डामरीकरण का कार्य भी किया जाएगा**

# छावनी परिषद के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल पार्षद गोपाल दास काबरा पार्षद लक्ष्मी राय पार्षद हुजैफा बोहरा पार्षद सरिता सलाम पार्षद मोंटी सीहोते की मौजूदगी में संपन्न हुआ। छावनी परिषद के विकास कार्यों में शांति वन मुक्तिधाम का प्रवेश द्वार सीड्स विपिन रावत विश्रामगृह गुरुद्वारा साहिब परिसर एवं मगर सिंह के बड़े का नवीनीकृत कार्य वाल्मीकि परिसर डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क श्रीराम नवदुर्गा उत्सव परिसर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी एन रमेश, परिषद के सभी पार्षद गण छावनी परिषद के कर्मचारी एवं शहर वासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्तव्य देते हुए उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने बताया कि उनकी परिषद लगातार विकास के कार्य में लगी हुई है एवं



जिन कार्यों का लोकार्पण किया गया है उनके अलावा भी आने वाले समय में कई कार्य विकास के किए जाएंगे। अपने वक्तव्य में जोड़ते हुए उपाध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में सड़कों के डामरीकरण का कार्य भी किया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले जो डामरीकरण का कार्य ठेकेदार से कराया गया था वह उक्त मानकों के हिसाब से नहीं हुआ जिसका मामला अभी परिषद के बीच लंबित है। उपाध्यक्ष ने मंच से स्वीकार करते हुए कहा कि जिस हिसाब से डामरीकरण किया जाना था वह उस तरह से नहीं हुआ एवं संबंधित ठेकेदार की ईएमड़ी विभाग के पास जमा है। संबंधित कार्य में अगर लापरवाही सामने आएगी तो कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वार्ड क्रमांक 1 के एक्यूप्रेशर पार्क से जनता हुई खुश : एक्यूप्रेशर वॉकवे - जिसे तकनीकी रूप से रिफ्लेक्सोलॉजी वॉकवे कहा जाता है - पैरों के तलवों पर एक्यूप्रेशर बिंदुओं की मालिश और उत्तेजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक मार्ग है, जो शरीर के विभिन्न ऊर्जा मेरिडियन से जुड़े होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि नंगे पैर या मोज़े पहनकर चलने से शरीर को फायदा होता है।ऐसे रास्तों पर चलने से रक्तचाप में उल्लेखनीय कमी आती है और विशेषकर वयस्कों में संतुलन और शारीरिक प्रदर्शन में सुधार होता है।